जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांकः परीक्षा-2/गोप/2024/1677 **दिनांकः 25.10.2024**

द्वितीय स्मरण-पत्र

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त अग्रणी महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय परिक्षेत्र,
ग्वालियर

विषय :- परीक्षा केन्द्रों के भौतिक सत्यापन किये जाने विषयक।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने जिले के समस्त महाविद्यालयों का भौतिक सत्यापन करना सुनिश्चत करें। महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधाओं जैसे- छात्रों की बैठक व्यवस्था, पानी एवं बिजली की सुविधा, सी.सी.टी.वी. कैमरा, महाविद्यालय तक पहुँच मार्ग की सुविधा, वीक्षकों की पर्याप्त संख्या, छात्रों एवं छात्राओं हेतु पृथक-पृथक शौचालय की व्यवस्था, उत्तरपुस्तिकाओं एवं प्रश्न-पत्रों को सुरक्षित रखने के लिए स्ट्रांग रूम की व्यवस्था इत्यादि के आधार पर महाविद्यालय को कितने छात्रों के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया जा सकता है। इस संबंध में **02 बार पत्र क्रमांक परीक्षा-2/गोप/2024/1364 दिनांक 14.08.2024 एवं पत्र क्रमांक परीक्षा-2/गोप/2024/1483 दिनांक 29.09.2024 के द्वारा** आपसे जानकारी चाही गई थी। लेकिन अधिकतर अग्रणी महाविद्यालयों द्वारा संबंधित महाविद्यालयों में कितने छात्रों की बैठक व्यवस्था है, के संबंध में पूर्ण जानकारी प्रेषित नहीं की गई है।

अतः भौतिक सत्यापित किये गये महाविद्यालयों में कितने छात्रों की बैठक व्यवस्था है, इस संबंध में स्पष्ट जानकारी दिनांक 28.10.2024 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. **अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर चम्बल संभाग, कस्तूरबा चौराहा, कम्पू, ग्वालियर।**
2. **कुलगुरू के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।**
3. **कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।**

प्रभारी परीक्षा नियंत्रक